योग दिवस | गैरीसन ग्राउंड में उत्सव के रूप में संपन्न हुआ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 5000 साधकों ने किया योगाभ्यास, साक्षी बना जबलपुर

हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अनमोल उपहार है योग : राष्ट्रपति मुर्मू

नवभारत,जबलपुर। हम भारत की उस महान योग परंपरा का उत्सव मना रहे हैं, जिसने मानवता को स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग प्रदान किया है। योग विश्व समुदाय को हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल उपहार है। यह हमारे ऋषियों-मुनियों की हजारों वर्षों की साधना का परिणाम है। जिस भारतभूमि ने पूरे विश्व को योग का अमूल्य ज्ञान प्रदान किया, आज उसी पावन धरती से स्वास्थ्य, संतुलन, शांति और आत्मकल्याण का संदेश पुनः समस्त विश्व में प्रसारित किया जा रहा है।

ये सारी बातें राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मु ने रविवार को गैरीसन ग्राउंड सदर में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस मौके पर उन्होंने शहर के नागरिकों को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में लगभग 5 हजार योग साधकों ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु तथा राज्यपाल मंगुभाई पटेल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया व कार्यक्रम की शुरूआत व अंत में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान किया गया। विदित हो कि 'योग स्वस्थ आयु के लिए' थीम पर राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम कलकत्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था। गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता से आयोजित कार्यक्रम का लोगो ने सजीव प्रसारण देखा व सुना। इस मौके पर राष्ट्रपति ने ये भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' है। यह थीम समाज के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य, सक्रियता, आत्मनिर्भरता और गरिमापूर्ण जीवन में योग की उपयोगिता को रेखांकित करती है। योग बढ़ती आयु में भी व्यक्ति को स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर बनाए रखने में बहुत सहायक है।

योग मंच पर राष्ट्रपति की सहज और अनुशासित सहभागिता

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण तब आया जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने योगाचार्यों के निर्देशन में पूरे अनुशासन और एकाग्रता के साथ विभिन्न योग क्रियाओं में भाग लिया। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उन्होंने गहरी श्वास के साथ प्राणायाम, गर्दन एवं कंधों के संतुलन संबंधी अभ्यास, हाथों के समन्वित संचालन तथा बैठकर किए जाने वाले योगाभ्यास को शांत भाव से संपन्न किया। उनके संयमित व्यक्तित्व और सहज योग मुद्राओं ने उपस्थित हजारों लोगों को योग के प्रति प्रेरित किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।

योग को दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लें : राज्यपाल

गैरीसन ग्राउंड में आयोजित मुख्य योग कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने का माध्यम ही नहीं, बल्कि यह संपूर्ण जीवन को संतुलित, सरल और आनंदमयी बनाने की पद्धति है। भारतीय ज्ञान परंपरा ने स्वस्थ जीवन का जो मार्ग दिखाया था, आज पूरी दुनिया उसे अपना रही है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारतीय योग को अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिया गया

आज योग को आत्मिक उन्नति का माध्यम बनाकर दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लें। स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन। यही विकसित भारत का पथ है।

वैश्विक शांति के लिए योग एकमात्र उपाय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दुनियाभर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम -योग फॉर हेल्दी एजिंग है। योग दिवस वैश्विक शांति और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर यह सुखद संयोग बना है, योग का अर्थ है जोड़ना, भारत ने अपने ज्ञान- विवेक और विचार से सदैव सभी को एक-दूसरे से जोड़ा है। साथ ही विश्व कल्याण का आधार है योग।

बच्चों की प्रस्तुति ने बढ़ाया उत्साह

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने मधुर संगीत की धुन पर सामूहिक योग की आकर्षक प्रस्तुति दी। योग मुद्राओं में उनका अनुशासन, तालमेल और ऊर्जा देखकर पूरा मैदान तालियों से गूंज उठा। विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।

क्रिकेट मैच की भांति होंगे योग के वर्ल्ड कप

विश्व योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए जबलपुर डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स के जॉइंट सेक्रेटरी आशीष रैकवार ने भारत की योग परंपरा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया ।उन्होंने कहा की जल्द ही क्रिकेट मैच की तरह योग के वर्ल्ड कप होंगे।

धूप में भी नहीं टूटा बच्चों का उत्साह

सूर्य देव की तेज किरणों से बचने कई स्कूली बच्चों ने अपनी जैकेट सिर पर रखकर सूर्य की किरणों से बचाव किया, लेकिन योगाभ्यास का उत्साह जरा भी कम नहीं हुआ। अनुशासन और ऊर्जा के साथ बच्चों ने पूरे सत्र में भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

राष्ट्रगान की धुन से माहौल किया राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के दौरान सैन्य बैंड दल ने राष्ट्रगान 'जन गण मन' की शानदार और अनुशासित प्रस्तुति देकर पूरे गैरिसन ग्राउंड को राष्ट्रभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। जैसे ही बैंड की मधुर धुन गूंजी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित हजारों उपस्थित जन एक साथ सावधान की मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगान में सहभागी बने। सैन्य बैंड की सुमधुर प्रस्तुति ने कार्यक्रम को न केवल गरिमामय और भावपूर्ण बना दिया बल्कि उपस्थित लोगों के मन में देशभक्ति का नया उत्साह भर दिया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मध्यप्रदेश तीर्थ क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश महिला भाजपा अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा लगभग 5 हजार योग साधकों ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया।

बुजुर्ग दंपति बोले— योग ने दी सक्रिय जिंदगी

कार्यक्रम में शामिल एक बुजुर्ग दंपति ने कहा कि नियमित योगाभ्यास की बदौलत वे आज भी कई किलोमीटर पैदल चलने में सक्षम हैं। उनका कहना था कि योग ने बढ़ती उम्र में भी उन्हें स्वस्थ, ऊर्जावान और आत्मनिर्भर बनाए रखा है।

जापान के योग चैंपियन भी बने आकर्षण का केन्द्र

भारत भ्रमण पर आए जापान के वर्ल्ड योगासन गोल्ड चैंपियन हिशाषी ने राष्ट्रपति के साथ योग करने को अपने जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि भारत योग की जन्मभूमि है और यहां आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम का हिस्सा बनना उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है।

राष्ट्रपति को एयरपोर्ट पर दी गई भावभीनी विदाई

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और आरडीवी के 36वें दीक्षांत समारोह में शिरकत करने के बाद रविवार दोपहर को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मु को डुमना एयरपोर्ट जबलपुर में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी विदाई दी। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति रविवार दोपहर करीब 1 बजकर 1 मिनिट पर जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचीं। इसके बाद करीब 1 बजकर 2 मिनिट पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मु भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से ग्वालियर की ओर रवाना हुईं।

महाप्रबंधक सहित रेल अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

नवभारत,जबलपुर । प्रधानमंत्री के द्वारा वर्ष 215 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई, जिसे सम्पूर्ण विश्व में प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। इसी क्रम में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में रेल सौरभ अधिकारी क्लब एवं जबलपुर मण्डल में सतपुड़ा क्लब में किया गया। साथ ही दोनों मण्डलों एवं कारखानों पर भी पूरे जोर शोर से 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह एवं अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता एकनाथ मोहकर, प्रधान वित्त सलाहकार सुधीर कुमार, प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता एम. विजय कुमार, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाशमी, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार एवं मण्डल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित सचिव महाप्रबंधक जेपी सिंह और अन्य विभागाध्यक्षों एवं पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ऋचा सिंह सहित महिला संगठन की अन्य सदस्यायें तथा रेल अधिकारियों ने योग अभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

खमरिया आयुध निर्माणी में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, जबलपुर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयुध निर्माणी खमरिया में मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल के मुख्य आतिथ्य में योग कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ सुबह योगाचार्य ख्याली राम रघुवंशी द्वारा कराए गए सामूहिक योगाभ्यास से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने भाग लिया।

योगाचार्य रघुवंशी ने स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन का प्रसारण भी किया गया, जिसमें उन्होंने योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। अंत में मुख्य महाप्रबंधक ने योग दिवस के तहत आयोजित निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और सभी ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

स्वास्थ्य को समर्पित निरंकारी मिशन का योग दिवस

नवभारत,जबलपुर। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओ मे योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केन्द्रित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। संत निरंकारी चेरिटेबल फ़ाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा के अनुसार, मिशन द्वारा देशभर के 15 से अधिक केन्द्रो पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना था। ज़ोनल इंचोर्ज नवनीत नागपाल ने बताया कि संत निरंकारी मिशन कि शाखा जबलपुर मे भी योग दिवस उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम मे श्रद्धालु भक्तों, सेवादल स्वयंसेवको एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागित की। अनुभवी योग प्रशिक्षक प्रेम विश्वकर्मा के मार्गदर्शन मे आयोजित योग सत्र मे प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। वहीं सतगुरु माता जी अक्सर अपने विचारो मे 'स्वस्थ मन सहज जीवन ' का उल्लेख करते हुए बताते है कि हमारा शरीर निरंकार प्रभु कि देन है जिसे स्वस्थ रखना हमार मूल कर्तव्य है इसलिए दीर्घआयु ओर सक्रिय सफल जीवन के लिए योग नितांत आवश्यक है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी, जिसने यह संदेश दिया की वास्तविक स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक ऑर आत्मिक संतुलन का समन्वित स्वरूप है।

जिला न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन

नवभारत,जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के पोर्टफोलियो जज विवेक अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने न्यायाधीशों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा 19 जून से 21 जून तक तीन दिवसीय योग जागरूकता एवं योगाभ्यास अभियान संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को नियमित योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में न्यायाधीशों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योग एवं प्राणायाम किया। योग प्रशिक्षक अनुज श्रीवास्तव ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया तथा नियमित योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी।

कार्यक्रम | मंच बदले, वर्ग बदले, लेकिन योग के प्रति सबका उत्साह एक सा रहा

ग्वारीघाट में एनसीसी द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित



नवभारत, जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्वारीघाट में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय द्वारा भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, जबलपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रितेश बहल और 1 एमपी आर्टी रेजीमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कीर्ति शिंत्रे के निर्देशन में पूरा हुआ। इसमें 17 से अधिक एनसीसी कैडेटों, 15 एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स तथा 16 पीआई स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी कैडेटों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया।

रानीताल यूथ हॉस्टल में योगाभ्यास

उत्तर विधानसभा स्वामी विवेकानंद मंडल जबलपुर के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को सुबह 7 बजे, रानीताल यूथ हॉस्टल में आयोजित किया गया, जहां उत्तर विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय के नेतृत्व में मनाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद मंडल के सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बूथ बीएलए, भाजपा पदाधिकारी, सदस्य, वरिष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवा और आम लोगों ने सहभागिता दी। इस योग कार्यक्रम में जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, मंडल अध्यक्ष अमर पटेल, महामंत्री राहुल बेन, दीपांशु पाठक, एमआईसी सदस्य अंशुल राघवेंद्र यादव, पार्षद सोनिया रणजीत सिंह, नगर मंत्री सुधांशु गुप्ता, दीपक साहू, बलराम पटेल, भाजपा नेत्री आभा साहू और सरिता साहू ने भी शामिल होकर अपना योगदान दिया, जिसे योगाचार्य डॉ. रचना जैन द्वारा संपन्न कराया गया।

उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह एवं सहभागिता के साथ किया गया। मुख्य कार्यक्रम रविवार, 21 जून को प्रातः सतपुड़ा क्लब, जबलपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्य कार्मिक अधिकारी संजय कुमार द्वारा मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक दिनेश कुमार कलामे का पौध भेंट कर स्वागत करने से हुआ। तत्पश्चात अपर मंडल रेल प्रबंधक, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं सहायक कार्मिक अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। प्रातः 6:30 बजे उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से जुड़कर उनका उद्बोधन सुना। इसके पश्चात योगाचार्य अनीता त्रिपाठी एवं कुमारी सिंधु द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया।

महर्षि विद्या मंदिर में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, जबलपुर। महर्षि महेश योगी की कृपा और ब्रह्मचारी डॉ. गिरीशचंद्र वर्मा के आशीर्वाद से महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन में महर्षि जनजागरण अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य योग, वैदिक ज्ञान और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। गुरु पूजन से शुरू हुए इस कार्यक्रम में अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इसमें आईटीआई के प्राचार्य अर्पित शुक्ला मुख्य अतिथि और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा प्रबंधक पूनम तलरेजा विशिष्ट अतिथि रहीं। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य नीलेश कुमार पांडेय, महर्षि किड्स होम की प्रभारी प्राचार्या अनामिका भट्टाचार्य, प्रशासनिक अधिकारी राहुल कुमार जैन सहित पूरा स्टाफ, अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे।

मैटर की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक बाइक लॉन्च

नवभारत, जबलपुर। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी मैटर ने जबलपुर में अपनी पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक बाइक एरा 5000+ लॉन्च की है। इसके साथ ही कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपना दूसरा एक्सपीरियंस हब जबलपुर के कृषि उपज मंडी रोड में आईओसी पंप के सामने खोला है। यहाँ लोग बाइक को करीब से देख सकेंगे और टेस्ट राइड ले सकेंगे। भारत में बनी इस मोटरसाइकिल की एक्स-शोरूम कीमत 1,93,826 रुपए है। इसकी बुकिंग कंपनी की वेबसाइट मैटर.इन पर की जा सकती है। यह बाइक जबलपुर के बढ़ते ट्रैफिक के बीच रोज़ की यात्रा के लिए एक अच्छा और टिकाऊ विकल्प है।

4-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स और लाइफटाइम वारंटी

मैटर एरा 5000+ में हाइपरशिफ्ट तकनीक के साथ 4-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है, जो इलेक्ट्रिक पावर के साथ गियर बदलने का बढ़िया अनुभव देता है। यह देश की पहली इलेक्ट्रिक बाइक है जो लाइफटाइम बैटरी वारंटी के साथ आती है, जिससे ग्राहकों को लंबी यात्राओं में भी कोई चिंता नहीं रहेगी। मैटर के संस्थापक कुमार प्रसाद तेलिकेपल्ली ने कहा कि जबलपुर में लॉन्च करना मध्य भारत में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यहाँ दोपहिया वाहनों की संस्कृति बहुत मजबूत है और उनका लक्ष्य इलेक्ट्रिक राइडिंग को रोमांचक, व्यावहारिक व किफायती बनाना है। वहीं, मैटर एक्सपीरियंस हब जबलपुर के डीलर प्रिंसिपल अमन मित्तल, अजय मित्तल और किशोरी लाल अग्रवाल ने कहा कि वे एईआरए की इस परफॉर्मेंस और तकनीक से ग्राहकों को परिचित कराने के लिए उत्सुक हैं।